हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

13 निगम का न ईंधन न लेबर, कंपनियों के सीएसआर फंड से दलपत सागर हो रहा साफ



14 कानूनी प्रावधानों का लाभ उठाकर अपने अधिकारों की रक्षा करें





# सीआरपीएफ के श्वान सुसैन को पूरे सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

231 वीं बटालियन ने अपने बहादुर और समर्पित योद्धा /"सुसैन/" को पूरे सैन्य सम्मान और श्रद्धा के साथ अंतिम विदाई दी। श्वान सुसैन की मृत्यु 13 अक्टूबर को सुकमा जिले में परिचालनिक ड्यूटी के दौरान हुई थी। बटालियन मुख्यालय में आयोजित इस भावनात्मक अंतिम विदाई में कमांडेंट सुनील भवर, अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

श्वान सुसैन एक अत्यंत प्रशिक्षित, साहसी और समर्पित सदस्या थी। उसने अपनी सेवाकाल में अनेक महत्वपूर्ण नक्सल विरोधी अभियानों में भाग लेकर असाधारण वीरता और निष्ठा का परिचय दिया। श्वान सुसैन विशेष रूप से विस्फोटक पदार्थों की पहचान, संवेदनशील इलाकों में गश्त और नक्सल विरोधी अभियानों में सक्रिय रूप से तैनात थी।



**खास बातें**

- बहादुर और समर्पित योद्धा के रूप में मिला सम्मान
- तिरंगे में लपेटकर दिया गार्ड ऑफ ऑनर



अंतिम यात्रा के दौरान 231 बटालियन के मुख्यालय में पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उसे अंतिम सलामी दी गई। इसके पश्चात पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई।

### सच्चा साथी बनकर दिया साथ : कमांडेंट

इस अवसर पर कमांडेंट सुनील भवर ने कहा कि श्वान सुसैन हमारी बटालियन का अभिन्न हिस्सा थी। उसने न केवल नक्सल विरोधी ऑपरेशनों में बहादुरी दिखाई, बल्कि हर परिस्थिति में जवानों की सच्ची साथी बनकर साथ दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ की के-9 यूनिट देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में मूक प्रहरी के रूप में अहम भूमिका निभा रही है। ये वीर योद्धा निडरता और समर्पण के साथ अग्रिम पंक्ति में तैनात रहते है। सुसैन जैसे के-9 योद्धाओं का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नियंत्रण ब्यूरो की हुई संभागीय बैठक




**जगदलपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश कार्यालय के मार्गदर्शन अनुसार रविवार को बस्तर संभाग की संभागीय बैठक जगदलपुर में किया गया। बैठक में जगमोहन सोनी संभागीय अध्यक्ष, प्रेमदास मानिकपुरी संभागीय उपाध्यक्ष, योगेंद्र कश्यप संभागीय महासचिव उपस्थित रहे। बैठक में संभागीय टीम का विस्तार करना, जिला टीम का विस्तार करना, पूर्व सक्रिय कार्यकर्ता एवं अन्य सदस्यों की नवीनीकरण तथा अनुशंसा एवं आगामी जागरूकता कार्यक्रम अन्य महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा अगली बैठक के निर्णय के साथ बैठक का समापन किया गया।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली पर लगा शिविर



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी एवं पंजीयन शिविर मंगलवार को महारा समाज भवन में किया गया। इसमें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली से संबधित योजना का लाभ एवं तकनिकी सहायता एवं मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में विद्युत कंपनी धरमपुरा जोन के सहायक अभियंता एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता श्रीमती रश्मी ध्रुव आदि शामिल रहे।

### बादल के कलाकारों ने दिल्ली तक दी दस्तक



**जगदलपुर।** नई दिल्ली में 4 दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले आदिवासियों की संस्कृति को संरक्षित करना है। इस प्रदर्शनी में बस्तर जिले में बादल आसना के चित्रकला की शिक्षिका प्रेरणा नाग व विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इनके द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए चित्रों को सराहना मिली तथा इन्हें स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित भी किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे।

### लालबाग मैदान में सजेंगी फटाका दुकानें

**जगदलपुर।** नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा के निर्देशानुसार दिपावली पर्व के लिए अस्थायी फूटकर फटाका अनुज्ञप्तिधारियों से फटाका दुकान लालबाग मैदान में लगाये जाने के लिए अस्थायी प्लाट आवंटित किया जावेगा। इस संबंध में 15 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक फटाका व्यवसायी भाग ले सकेंगे। 3 बजे से लॉटरी पद्धति से फटाका दुकान के लिए अस्थायी प्लाट आवंटन किया जाएगा। जनसुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए नगर निगम क्षेत्र में अन्य क्षेत्र में फटाका का भंडारण एवं विक्रय पर प्रतिबंधित रहेगा। निरीक्षण के दौरान निकाय क्षेत्र में अवैध रूप से फटाको का भंडारण एवं विक्रय करते हुए पाये जाने पर लाइसेंस निरस्त कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विडंबना : खाट पर घर से बाहर ले जाते समय महिला का मिसकैरेज हो गया

# गर्भवती को लहूलुहान हालत में पगडंडी के रास्तों से 6 किमी पैदल चलकर चितालगुर पहुंचाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले अंतर्गत जगदलपुर ब्लॉक के आखिरी छोर में बसे गुड़ियापदर गांव के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। इस गांव में ना ही सड़क हैं ना ही बिजली है और ना ही पेयजल की सुविधा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के भी अभाव के वजह से इन ग्रामीणों को हर दिन कई गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार की देर रात भी एक पांच महीने की गर्भवती महिला को लहूलुहान की हालत में गुड़ियापदर गांव से चितालगुर गांव तक खाट पर 5 से 6 किलोमीटर तक लादकर लाया गया। इसके बाद चितालगुर गांव तक एंबुलेंस पहुंची और पीड़ति महिला को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। 5 महीने की गर्भवती महिला का मिस कैरेज होने से उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है, जिसका ईलाज डिमरापाल अस्पताल में जारी है। गुड़ियापदर गांव के ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें हर रोज इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सड़क नहीं होने की वजह से स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव तक नहीं पहुंचती, जिससे ग्रामीणों को इसी तरह खाट पर 5 से 6 किलोमीटर कच्ची सड़क पर चलकर मरीजों को चितालगुर गांव तक पहुंचाना पड़ता है। सरकार से मिलने वाली पीडीएस चावल से लेकर रोजमर्रा की वस्तुओं के लिए भी हर रोज 5 से 6 किलोमीटर पैदल चलकर चितालगुर गांव आना पड़ता है।

- बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहा गुड़ियापदर गांव





**गांव नक्सलमुक्त हो चुका है**

संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद गुड़ियापदर गांव को वन अधिकार अधिनियम का दर्जा प्राप्त है। 35 से 40 परिवारों के इस गांव में अब तक सरकार की कोई भी सुविधा नहीं पहुंच पाई है, मूलभूत सुविधा और स्वास्थ सुविधा का लाभ पाने के लिए ग्रामीण जूझ रहे हैं। वहीं सरकारी कागजों में यह गांव नक्सलमुक्त हो चुका है। बावजूद इसके प्रशासन इस गांव में अब तक मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंचा पाया है। हालांकि क्रेडा विभाग द्वारा सोलर लाइटस लगाए गए हैं, लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में वह भी खराब पड़े हुए हैं।

**गांव तक नहीं आती एंबुलेंस :** इस गांव के रहने वाले सुका मरकाम ने बताया कि उनकी पत्नी लखमी मरकाम 5 महीने की गर्भवती है। शनिवार की शाम अचानक दर्द उठने से गांव के अन्य तीन ग्रामीणों की मदद से खाटपर घर से बाहर ले जाते वक्त मिसकैरेज हो गया। पूरी तरह से लहूलुहान की हालत में खाट पर पखडंडी के रास्तों से 5 से 6 किलोमीटर पैदल चलकर चितालगुर गांव पहुंचाया गया। यहां एंबुलेंस की मदद से डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज लाया गया। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी की तबीयत काफी नाजुक है और अब तक पांच यूनिट ब्लड चढ़ चुका है। गांव के रहने वाले मरीजों और गर्भवती महिलाओं को इसी तरह की ⏭ शेष पेज 12 पर

### कुपोषित बालक मिला एनआरसी रेफर

इसकी सूचना मिलने पर सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक अपनी टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर के पहुंचविहीन ग्राम गुड़िया पदर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 56 लोगों का जांच एवं उपचार किया गया, जिसमें 25 लोगों का बीपी एवं शुगर जांच, 7 लोगों का टीकाकरण, 5 लोग मोतियोबिंद से पीड़ति, 20 लोगों का सिकलिन जांच, 12 लोग सर्दी खांसी से पीड़ित तथा 10 लोगों का बुखार जांच कर उपचार किया गया। एक कुपोषित बालक को एनआरसी रेफर किया गया। बीएमओ द्वारा क्षेत्रीय बोली में स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड तथा वय वंदन कार्ड के बारे मे जानकारी दी गई। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित टीकाकरण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर के बीएमओ डॉ. राधेश्याम भंवर, दमधर, श्रीमती किरण चंद्राकर, नेत्र सहायक अधिकारी रयमन बघेल, स्टाफ नर्स श्रीमती थलेश्वरी नाग, क्रिस्टीना बघेल, आरएचओ अमृत पॉल, कुमारी हिना कश्यप तथा मितानिन शामिल रहे।

## बीजेपी नेता को नक्सलियों ने उतारा मौत के घाट

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले में सक्रिय भाजपा नेता की नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। सप्ताह भर में यह हत्या की तीसरी वारदात है जिससे इलाके में दहशत व्याप्त है। नक्सलियों ने बीती रात हत्या को अंजाम दिया है।

नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक बाद फिर दहशत बनाते हुए हत्याकांड को अंजाम देते हुए सोमवार रात को बीजेपी कार्यकर्ता सत्यम पुनेम की रस्सी से गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी। मृतक मुजालकांकेर का रहने वाला था और इलमिडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत घटना को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने हत्या के बाद घटनास्थल पर पर्चा छोड़कर पुनेम पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि उसे पहले भी तीन बार चेतावनी दी गई थी बावजूद पुलिस को नक्सली गतिविधियों की सूचना देता रहा।



सत्यम पुनेम

- सप्ताहभर में तीसरी नक्सल हत्या से इलाके में दहशत

जानकारी के मुताबिक माओवादी संगठन की मद्देड़ एरिया कमेटी ने यह पर्चा छोड़ा है। शव मिलने की सूचना पर इलमिडी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। बीजापुर एसपी ने बताया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है। सुरक्षा बलों ने इलमिडी-मद्देड के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रखा है। यह हत्या 2025 में बस्तर संभाग के सात जिलों में नक्सली हिंसा से मरने वालों की संख्या को 40 के करीब पहुंचा चुकी है।

**मंडल स्तर का नेता, पहले भी दी गई थी चेतावनी :** सत्यम पुनेम मंडल स्तर पर बीजेपी का सक्रिय कार्यकर्ता था। बीती रात करीब 12 बजे 4-5 नक्सली सादे कपड़ों में उसके घर पहुंचे उसे बाहर निकाला और रस्सी से गला ⏭ शेष पेज 12 पर

## बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी वर्ष समारोह में मुख्यमंत्री को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अगले महीने 17 नवंबर को जगदलपुर आयेंगे। यहां वे बस्तर हाई स्कूल जो अब जगतू महारा शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बन गया है उसके शताब्दी वर्ष समारोह में शिरकत करेंगे। विद्यालय की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सदस्य अखिलेश शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, संस्था के प्राचार्य राम कुमार ने विधायक और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर न्यौता दिया। मुख्यमंत्री ने आने की सहमति दी। किरण देव ने कहा कि यह जगदलपुर के लिए गौरव, सम्मान और हर्ष का विषय है कि मुख्यमंत्री विद्यालय के शताब्दी समारोह को अविस्मरणीय बनाएंगे। राकेश तिवारी ने कहा कि विधायक के मार्गदर्शन और नेतृत्व में शताब्दी वर्ष मनाने तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित अन्य मंत्रियों ने भी सम्मिलित होने सहमति जताई है।

- विधायक और अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर किया आग्रह



## संयुक्त संचालक शिक्षा से गाली गलौज और बम से उड़ाने की धमकी

**जगदलपुर।** संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पाण्डेय के मोबाइल नंबर पर आज शाम 5:45 बजे जितेंद्र भारद्वाज नाम के एक व्यक्ति ने फोन पर अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां देकर बम बांधकर उड़ाने की धमकी दी। इस संबंध में अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की हैं। अधिकारी ने शिकायत में कहा कि इस व्यक्ति को वे नहीं जानते हैं। आफिस समय में काम करते समय फोन कर उसने अनुचित शब्द का उपयोग कर सरकारी काम में बाधा पहुंचाया। अर्नगल बातों की पूरी रिकार्डिंग है। उन्होंने कहा कि संभाग स्तर के वरिष्ठ अधिकारी को इस तरह के घृणित काल कर कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने स्वयं और परिवार की सुरक्षा प्रभावित होने की बात कहीं है। इस नंबर से 3 बार फोन कर धमकाने वाले ने मानसिक रूप से परेशान किया है। एसपी को की गई शिकायत की कापी शिक्षा सचिव, संचालक शिक्षा और कमिश्नर, कलेक्टर को भी दी गई है। गौरतलब है कि संयुक्त संचालक राकेश पांडेय लगातार पूरे संभाग का दौरा करते शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और शालाओं में अनुशासन सहित गुणवत्ता के लिए काम कर रहे है। जिसके चलते कतिपय लोगों में भय और बदले की भावना भी पनप रही है।

## करेंगट्टा इलाके से सुरक्षाबलों ने किया सर्चिंग में विस्फोटक का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित करेंगट्टा इलाके में सुरक्षबलों ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक और बीजीएल बनाने की सामग्री बरामद किया है।

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 13 अक्टूबर को ताड़पाला बेस कैम्प से कोबरा 206, केरिपु 229, 153 एवं 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने करेंगट्टा क्षेत्र में एक व्यापक सर्च अभियान चलाया। यह अभियान क्षेत्र में माओवादियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद चलाया गया था। अभियान के दौरान दोपहर लगभग तीन बजे सुरक्षा बलों की टीम का जंगल के भीतर संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले। सावधानीपूर्वक तलाशी लेने पर माओवादियों द्वारा छुपाकर रखी गई भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं बीजीएल (बारूदी ग्रेनेड लॉन्चर) निर्माण के उपकरण बरामद हुए। बरामद वस्तुओं में 51 नग जिंदा बीजीएल, 100 बंडल एचटी एल्युमिनियम तार, 50 नग स्टील पाइप, 20 नग लोहे की शीट, 40 नग लोहे की प्लेट तथा भारी मात्रा में बिजली के तार शामिल हैं। ये सभी सामग्री माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों के विरुद्ध बड़े हमले की तैयारी हेतु इकट्ठा की गई थी।सुरक्षा बलों को तलाशी के दौरान पांच प्रेशर आईईडी (इंप्रोवाइज्ड ⏭ शेष पेज 12 पर




## पीड़ित परिवार और कांग्रेस ने निगम कार्यालय के सामने शुरू किया धरना

# बिना किसी उचित विस्थापन व्यवस्था के बेघर करना न्यायसंगत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रेलवे प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संजय गांधी वार्ड 34 के पास स्थित मकानों को बिना किसी पुनर्वास व विस्थापन योजना के कॉलोनी के पास निवासरत 34 परिवारों के घर पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर कर दिया गया। साथ ही अन्य 7 मकानों को हटाने का नोटिस भी दिया गया है। आज नगर निगम के समक्ष पुनर्वास व विस्थापन हेतु विरोध प्रदर्शन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा हर मोर्चे पर फेल सरकार अब गरीबों का छत भी छीनने का कार्य कर रही है।उन्होंने कहा, सामने दीपावली का त्यौहार आने वाला है। यह 34 परिवार अपने पुनर्वास और विस्थापन हेतु दरदर भटकने को मजबूत हो चुका है। ऐसे में परिवार को न्याय मिलना चाहिए अन्यथा यह प्रदर्शन चलता रहेगा।



वार्ड पार्षद कोमल सेना ने बताया विगत कुछ दिनों से जिला प्रशासन और रेलवे अधिकारियों के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के कई मकानों को अतिक्रमण बताते हुए तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान प्रभावित परिवारों के लिए कोई वैकल्पिक आवास या विस्थापन की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके कारण अनेक परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। जल, बिजली, कर आदि भुगतान किया है। यह कार्रवाई मानवाधिकारों और न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। संबंधित अधिकारियों से इस विषय पर तत्काल जांच कराई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएँ।

### रेलवे की कार्रवाई अन्याय पूर्ण

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा जिला प्रशासन रेलवे की कार्रवाई अन्याय पूर्ण है। न्याय संगत नहीं है इन पीड़ति परिवारों की मांगे जायज है। वैकल्पिक आवास या विस्थापन की उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण अनेक परिवार खुले आसमान में रहने को मजबूर हैं। इस दौरान वार्ड के पीड़ति परिवार एवं कांग्रेस पार्षदगण व पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एटीसी टावर में लगे एंटीना को हटाने की वार्डवासियों ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अंबेडकर वार्ड के निवासियों ने मोहल्ले में लगे एटीसी टावर पर लगे एयरटेल एंटीना को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर, निगम आयुक्त एवं थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौंपी है। वार्डवासियों का कहना है कि इस मोबाइल टावर से निकलने वाला रेडिएशन उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है।

वार्डवासियों ने राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा से मुलाकात कर टावर को हटाने की मांग की। उन्होंने इंडस टावर एवं एयरटेल कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने कहा कि रेडिएशन जांच कराई जाएगी तथा यह भी देखा जाएगा कि टावर वैध है या अवैध। उन्होंने कहा कि अगर जांच में गड़बड़ी पाई गई तो टावर को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पार्षद कैलाश नाग,वशीम खान,जागे प्रशाद गुप्ता, अमित मेहरा, अनीता दूधी,गायत्री सोनी, शैल सोनी, अनीता, प्रेम मनी, वर्षा, संगीता, रंजना, सोनाली, मुक्ता, ललिता, मनीता सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नारायणपुर कांग्रेस में जिलाध्यक्ष पद की दौड़ तेज़



**नारायणपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पूरे देश प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नारायणपुर जिले में भी नए जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर नारायणपुर जिले में रायशुमारी के लिए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक सैयद अजमतुल्ला हुसैनी, विधायक कुंवर निषाद (गुंडरदेही) और विधायक रामकुमार यादव (चंद्रपुर) को भेजा गया। ये तीनों पर्यवेक्षक जिला मुख्यालय में दो दिनों से चल रही बैठकों में जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन रायशुमारी कर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। यह रिपोर्ट जल्द ही दिल्ली पार्टी संगठन को भेजी जाएगी, जिसके बाद नए जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। चार नेताओं के नाम दावेदारी के रूप में आए अमित भद्र ( सामान्य वर्ग), पड़ीराम वड्डे (आदिवासी वर्ग), राजेश दिवान (सामान्य वर्ग) , शेख तोहिद (अल्पसंख्यक वर्ग)।

### उद्योग–बैंकर्स संवाद कार्यशाला होगी 17 को

**कोण्डागांव।** रैम्प योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्व–सहायता समूहों एवं कारीगरों को बैंक ऋण और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए उद्योग–बैंकर्स संवाद नामक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में किया जा रहा है। कार्यशाला में विभिन्न बैंकों द्वारा उद्यमियों को ऋण संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही एमएसएमई इकाइयों एवं शाखाओं से संबंधित वित्तीय समस्याओं का समाधान करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रतिभागियों को सीजीटीएमएसई, पीएमईजीपी जैसी क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं के तहत उपलब्ध लाभों की जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञों द्वारा उद्यमियों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कार्यशाला में महिला उद्यमियों एवं स्व–सहायता समूहों के लिए विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें व्यवसायिक विकास, वित्तीय सशक्तिकरण और बैंक से जुड़ने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा होगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोण्डागांव द्वारा जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों और लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे इस निरूशुल्क कार्यशाला में भाग लें।

### फटाका दुकानों की अग्नि सुरक्षा को लेकर दिशा–निर्देश जारी

**कोण्डागांव।** दीपावली पर्व पर जिले में पटाखा दुकानों के संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना कोण्डागांव ने पटाखा विक्रेताओं को लायसेंस जारी करने से पूर्व अग्नि सुरक्षा से संबंधित विस्तृत निर्देश दिए हैं।

**अज्वलनशील सामग्री से बने हों दुकानें** – निर्देशों के अनुसार, पटाखा दुकानों का निर्माण किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी या टेंट सामग्री से नहीं, बल्कि अज्वलनशील टिन शेड से किया जाना चाहिए। साथ ही, दो दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी अनिवार्य होगी और वे एक–दूसरे के सामने नहीं लगाई जाएंगी।

**खुली बिजली या लैम्प का उपयोग प्रतिबंधित** – दुकानों में तेल के लैम्प, गैस लैम्प या खुली बिजली बत्ती का प्रयोग सख्त मना है। विद्युत तारों में कोई खुला ज्वाइंट नहीं होना चाहिए। प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगाना अनिवार्य होगा ताकि शॉर्ट सर्किट की स्थिति में तुरंत विद्युत प्रवाह रुक सके। हर पटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र उपलब्ध होना चाहिए जिसकी मारक क्षमता 6 फीट तक होती है।

## आयोजन : प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना में लाएं तेजी : नूपुर राशि

# कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा की धान खरीदी की तैयारी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की और आगामी कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 नवम्बर से शुरू होने वाले धान खरीदी सीजन की तैयारी पूरी कर ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को किसान पंजीयन, बारदाने की उपलब्धता, संवेदनशील उपार्जन केंद्रों का चिन्हांकन और सीमावर्ती क्षेत्रें में अवैध धान की आवक पर रोक लगाने के लिए विशेष निगरानी रखने को कहा। साथ ही जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना के निर्देश भी दिए गए।

■ कलेक्टर ने साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक ली

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत पंजीकरण बढ़ाने के लिए गांव–गांव में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना की जानकारी और लाभ दिलाने के लिए विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने कुपोषण उन्मूलन के लिए वजन त्योहार एवं सुपोषण चौपाल जैसे कार्यक्रमों के प्रभावी आयोजन पर बल दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदों की रिक्तियों को शीघ्र भरने तथा आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को च्क म–विद्या के तहत डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अपार आईडी अद्यतन कार्य को 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के लिए कहा।

उन्होंने चिरायु योजना के तहत स्वास्थ्य टीमों द्वारा विद्यालयों का नियमित भ्रमण सुनिश्चित करने और अधिकारियों को विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करने के लिए भी निर्देशित किया।



### महिला समूह किराना दुकानों की स्थापना करे

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पेयजल आपूर्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनआरएलएम तथा अन्य विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि दूरस्थ गांवों में महिला समूहों द्वारा संचालित किराना दुकानों की स्थापना सुनिश्चित की जाए ताकि ग्रामीणों को आवश्यक वस्तुएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे नागरिकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित और प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मांगें प्रस्तुत कीं। ग्राम भोंगापाल के रैनू राम सलाम ने वन अधिकार पत्र में खसरा नंबर संशोधन की मांग की। कोंडागांव निवासी सोमारी पोटाई ने अपनी भूमि पर पड़ोसी द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया। भट्टीपारा एरला की शांति दीवान ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नामिनी को भुगतान दिलाने का अनुरोध किया। कोकोड़ा जुगानार के ग्रामीणों ने हैंडपंप, प्राथमिक शाला के नए भवन, माध्यमिक शाला के उन्नयन तथा उप–स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग रखी। चुरेगांव के ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में राशन कार्ड निर्माण, देवगुड़ी निर्माण, नाली और नल–जल योजना जैसे कई कार्य पिछले दो सालों से अधूरे हैं। तोंतर गांव के निवासियों ने सड़क और बाउंड्री वॉल निर्माण के साथ नए बिजली ट्रांसफार्मर की आवश्यकता बताई। मंगवाल पंचायत के ग्रामीणों ने घरेलू सोलर लाइट, जबकि जोबा गांव के लोगों ने सड़क मरम्मत और चौड़ीकरण की मांग की। नवागांव के ग्रामीणों ने मोबाइल नेटवर्क सुविधा की मांग रखी और इंगरा गांव के लोगों ने पानी टंकी के अधूरे निर्माण की शिकायत की। पिपरा निवासी दिनेश कुमार ने शाला भवन की जर्जर स्थिति और बिजली ट्रांसफार्मर की समस्या बताई, वहीं दिगानार निवासी जगत राम मंडावी ने दो एकड़ फसल खराब होने पर मुआवजा की मांग की।

## नपा की सफाई टीम को मिली युवक की लाश, इलाके में मची सनसनी



**कोण्डागांव।** गांव जिले में मंगलवार सुबह एक अजीबो–गरीब और चौंकाने वाली घटना सामने आई। नगर पालिका की सफाई टीम जब नियमित सफाई अभियान के तहत बंधा तालाब से जलकुंभी हटाने का काम कर रही थी तभी अचानक पानी की सतह पर एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। कर्मचारियों ने तुरंत काम रोका और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोंडागांव पुलिस ने स्थानीय लोगों और नगर पालिका टीम की मदद से शव को बाहर निकाला।

मृतक की पहचान कमल सिंह ठाकुर, निवासी कोंडागांव, के रूप में हुई है। तत्काल पुलिस ने मौके पर कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। नगर पालिका कर्मचारी संतोष ने बताया कि सुबह जब जलकुंभी हटाई जा रही थी, तभी कुछ संदिग्ध वस्तु नजर आई। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह एक शव था। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। प्राथमिक जांच में मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत डूबने से हुई या किसी अन्य वजह से।

## दो पत्नियों का पति और सात बच्चों के पिता ने की आत्महत्या



**धनोरा।** 7बच्चे के पिता और 2 पत्नी के पति ने पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर जहर सेवन करके अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया । बताया जाता है कि पुलिस थाना धनौरा अंर्तगत ग्राम सिलाटी के 38वर्षीय नवयुवक कमलेश पद्दा पिता वाडीराम पद्दा की जहर पीने से मृत्यु हो गया । धनौरा पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम करके शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिवार को सौंप दिया ।

मृतक की दो पत्नी थी। एक पत्नी की तरफ से 4बच्चे और दूसरे पत्नी से 3 बच्चे थे । घर परिवार में आपस में झगड़ा विवाद होते रहता था । घटना दिनांक को भी परिवार में आपस में कहा सुनी हुई, जिसके बाद तैश में आकर मृतक ने कीटनाशक जहर पी लिया । जहर के असर के चलते उसकी असमय ही मौत के मुंह में समा गया और 2पत्नी व 7 बच्चे बेसहारा हो गये । पुलिस ने मर्ग कायम करके विवेचना शुरू कर दी है।

## जल जीवन मिशन, संचालन एवं अनुरक्षण प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कोण्डागांव द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्राम स्तर पर योजनाओं के सुचारू संचालन, जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाना है।

प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम एवं उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रें में स्वच्छ जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों ने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने ग्रामों में लागू करें ताकि हर गांव आत्मनिर्भर और स्वच्छ जल आपूर्ति वाला आदर्श ग्राम बन सके। अब तक चार प्रशिक्षण बैच सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं जिनमें दो कोण्डागांव विकासखंड और दो माकड़ी विकासखंड में आयोजित हुए। इनमें सैकड़ों सरपंच, सचिव और पंप ऑपरेटरों ने भाग लेकर ग्रामीण जल योजनाओं के संचालन की दिशा में ठोस पहल की है।

यह प्रशिक्षण दो भागों में आयोजित किया जा रहा है संस्थागत एवं व्यवहारिक भाग इसमें सामुदायिक भागीदारी, जिम्मेदारियाँ, पारदर्शिता और स्वामित्व की भावना पर चर्चा की जाती है। तकनीकी भाग इसमें जलापूर्ति प्रणाली के रखरखाव, मोटर संचालन, जल गुणवत्ता परीक्षण, क्लोरीनीकरण और ऊर्जा संरक्षण जैसे विषय शामिल हैं। राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले से दो मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है। कोण्डागांव जिले के लिए सुश्री सुहानी बक्शी संस्थागत एवं व्यवहारिक भाग और दीपक साहू तकनीकी भाग प्रशिक्षण का संचालन कर रहे हैं।

**हर ग्राम तक स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य** – इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत अपनी जल योजना का स्वयं संचालन करने में सक्षम बने। जिससे योजनाओं की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके और हर घर तक स्वच्छ एवं सुजल जल पहुँचे।

### नाबालिग से दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

**फरसगांव।** नाबालिग से लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी सुन्दर लाल उर्फ गप्पु नेताम को पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी संजय सिंदे के नेतृत्व में आरोपी को त्वरित कार्रवाई के तहत पकड़ा गया।

जानकारी के अनुसार, नाबालिग पीड़िता का आरोपी सुन्दर लाल के साथ इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क हुआ। आरोपी ने पीड़िता को धमकी देते हुए उसके घर आने के लिए मजबूर किया और उसके मना करने के बावजूद बार-बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने और बदनाम करने की धमकी दी। लगातार दुष्कर्म के चलते पीड़िता गर्भवती हो गई। जब पीड़िता ने शादी के लिए कहा, तो आरोपी ने मना कर दिया और उसे तथा उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को नुकसान पहुँचाने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर थाना फरसगांव में अपराध संख्या 130/2026 के तहत धारा 137(2), 64(2)(1), 64(2)(M), 65(1), 351(3), बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

## केवटी में मनाया गया बालिका दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



कोण्डागांव जिले के ग्राम पंचायत केवटी में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल ने बालिका सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी ने बच्चों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी साझा की। प्रदीप राव डिृरिक्ट लीड, भारत कोलेबोरेटिव टीम, पिरामल फाउंडेशन ने बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर उपयोगी जानकारी दी और एक प्रेरणादायक गीत भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रंगोली, मेहंदी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता बालिकाओं को पौधा और उपहार देकर सम्मानित किया गया, वहीं सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पोषण आहार प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिससे ग्रामीणों को संतुलित आहार के महत्व की जानकारी मिली।

**ग्रामवासियों की रही भागीदारी :** इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचगण, चाइल्ड हेल्पलाइन के अधिकारी–कर्मचारी, मिशन शक्ति की टीम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बालिकाओं के सशक्तिकरण और अधिकारों के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया।

## बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य व सशक्तिकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल, खालेमुरवेंड में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक सेहत एवं सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना रहा।

■ अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजन
■ नियमित व्यायाम योग, ध्यान, संतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या अपनाएं

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं, उनके कारणों, समाधान और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बालिकाओं को बताया गया कि नियमित व्यायाम, योग, ध्यान, संतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या से मानसिक संतुलन बनाए रखा जा सकता है। बच्चों को शिक्षा खेलकूद और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि वे आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित कर सकें। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत चल रही योजनाओं की जानकारी भी दी गई।



कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़ कबड्डी, कुर्सी दौड़ और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता बालिकाओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बालिकाओं ने अपने विचार और अनुभव साझा किए तथा विशेषज्ञों से अपने मन के प्रश्न पूछे।

### कार्यक्रम में रही सक्रिय सहभागिता

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, पंच, कोटवार, परियोजना अधिकारी श्रीमती ज्ञाना मंडावी केशकाल प्रभारी, श्रीमती माधुरी उसेण्डी जेंडर विशेषज्ञ, जिला महिला सशक्तिकरण कार्यालय, विद्यालय प्राचार्य, स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## ग्रामीण डाक सेवक संघ, पोस्टमेन, एमटीएस एवं रेल डाक सेवा

# नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन, संगठन को करेंगे मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

ग्रामीण अंचलों में डाक सेवाएं देने वाले ग्रामीण डाक सेवक संघ, पोस्टमेन–एमटीएस संघ एवं रेल डाक सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन का संयुक्त द्विवार्षिक अधिवेशन अभिनंदन पार्क, जगदलपुर में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में बस्तर संभाग के सभी जिलों से डाक कर्मचारी और पेंशनर्स बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। अधिवेशन में पिछले कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात परिमंडल सचिव नारायण चौधरी एवं के. पी. पाणिग्राही उपाध्यक्ष, केंद्रीय कार्यकारिणी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से नए संगठन का गठन किया गया।

**नई कार्यकारिणी** – संरक्षक अरुण त्रिपाठी, गंगासिंह ठाकुर, प्रेमलाल जैन, मदन आचार्य। अध्यक्ष अनिल दीवान कोंडागांव कार्यकारी अध्यक्ष ललित पाणिग्राही संभागीय सचिव खगपति सेठिया कोषाध्यक्ष धनोराम नाग उपाध्यक्ष नईम खान सहायक सचिव के. सरकार, रजलाल सहारे, अशोक कश्यप, दिनेश जैन, समयलाल पटेल संगठन सचिवरू एम. पुरुषोत्तम, प्रेमसिंह ठाकुर, राजेश द्विवेदी, केदार ठाकुर, सरस्वती नायर मीडिया प्रभारी डिकेश मिर्झा कोंडागांव। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी भी घोषित की गई अध्यक्ष जे. सी. दास, कार्यकारी अध्यक्ष कमल साहू, शंभू नाग राणा, अजय करायत, उपाध्यक्ष उत्तम कुमार घोष, सचिव के. एन. राम, कोषाध्यक्ष उमेश चंद्र आचार्य, संगठन सचिव डी. एन. जैन, ए. आर. मुखर्जी, एस. के. देवांगन आदि उपस्थित रहे।



### पोस्टमेन एवं एमटीएस संघ की नई कार्यकारिणी

संभागीय अध्यक्ष राधेश्याम पटेल, सचिव हुलासराम साहू, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष रूपेंद्र बघेल, रवि मौर्य, सहायक सचिव माँझीराम मरापी, दीपक चक्रवर्ती, अन्य सदस्यों में चंदरमल ठाकुर, धर्मेंद्र शुक्ला, सरिता नाग, अभिजीत गुप्ता, अम्बेडकर सिंह आदि शामिल रहे।

### संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प

अधिवेशन में बोलते हुए जे. सी. दास एवं पूर्व सचिव गंगासिंह ठाकुर ने कहा कि "हमें अपने अधिकारों की रक्षा और कर्मचारियों के सम्मान के लिए संगठन को और मजबूत करना होगा। ग्रामीण डाक सेवक संघ के संघर्ष से ही आज डाक सेवकों को सम्मानजनक पहचान मिली है। कार्यक्रम में संभाग भर से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण डाक सेवक, पोस्टमेन, एमटीएस और पेंशनर्स उपस्थित रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया और संगठन की एकता एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

## पेज 11 के शेष

### गर्भवती को लहूलुहान ...

दिक्कतों का सामना लंबे समय से करना पड़ रहा है। सड़क नहीं होने की वजह से स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके गांव तक नहीं पहुंच पाती और उन्हें चितालगुर गांव तक आने को कहा जाता है।

**राशन लेने 6 किमी का सफर :** गांव के रहने वाले शकील रिजवी ने बताया कि पूर्व विधायक से ग्रामीणों द्वारा मांग करने के बाद चितालगुर गांव से गुड़ियि पदर गांव तक 3 पुल-पुलिया का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन पक्की सड़क आज भी नहीं बन पाई है। यहां तक की ग्रामीण सरकारी राशन लेने गुड़ियापदर गांव से 5 से 6 किमी पैदल चलकर चितालगुर गांव तक पहुंचते हैं, 35 से 40 परिवारों के इस गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

### बीजेपी नेता पूनेम को...

घोंटकर मार डाला। पर्चे में लिखा था कि पुनेम पुलिस को नक्सलियों की गतिविधियों और कैडरों की हलचल की जानकारी देता था जिसके लिए उसे कई बार चेतावनी दी गई थी। पुलिस का मानना है कि यह टारगेटेड किलिंग थी जिसका उद्देश्य ग्रामीणों में भय पैदा करना है।

**6 दिन में तीसरी हत्या :** बीजापुर जिले में पिछले छह दिन में हत्या की यह तीसरी वारदात है। इससे पूर्व दो ग्रामीणों को भी मुखबिरी के शक में मार दिया गया था। पहली घटना 9 अक्टूबर को पामेड़ थाना क्षेत्र के उड़तामल्ला गांव में नक्सलियों ने ग्रामीण कुमार पोडियम की गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक सशस्त्र नक्सली गांव पहुंचे कुमार को घर से बाहर बुलाया और उसे पुलिस मुखबिर बताते हुए गोली मार दी। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई। हत्या की दूसरी वारदात 11 अक्टूबर को उसूर थाना क्षेत्र के कमलापुर गांव में देर रात नक्सलियों का जत्था पहुंचा और ग्रामीण गुड्डू सोड़ी को घर से बाहर निकालकर धारदार हथियारों से हमला कर मार डाला।

### करेंगट्टा इलाके से...

एक्सप्लोसिव डिवाइस) भी मिले जिन्हें माओवादियों ने जवानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाया था। बीडीएस (बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड) की टीम की मदद से इन सभी आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित बरामद कर नष्ट किया गया। अभियान के दौरान मिली इस सफलता को सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सीईओ ने ली समय-सीमा की बैठक



**बीजापुर।** जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल जीवन मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, बिजली, महिला एवं बाल विकास तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ ने जल जीवन मिशन के तहत नए कैंपों और प्रभावित ग्रामों में शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ब्लॉकों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, पैन कार्ड जैसी नागरिक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों से संबंधित मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में मोबाईल टावर लगाए जाने हैं जल्द से जल्द सर्वे कर नया मोबाइल टावर स्थापित करें।

### बालिकाओं की शिक्षा को मिलेगी नई दिशा



**भोपालपटम।** कन्या माध्यमिक आश्रम शाला दुधेड़ा विकासखण्ड भोपालपटनम का शुभारंभ विधिवत समारोह के रूप में किया गया। इस विद्यालय के शुरू होने से क्षेत्र की बालिकाओं की शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। विद्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि पेरे पुलैया जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सरिता कुडेम अध्यक्ष जनपद पंचायत और तुलसीराम गोंदी सरपंच के कर कमलों से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि यह विद्यालय दुधेड़ा और आसपास की बालिकाओं को बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान करेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगी। इस दौरान नीलम गनपत उपाध्यक्ष, कविता कोरम, तनुजा कुम्मर, रीना भगत सदस्य, कर्मरका किसटैया, निर्मला मर्पल्ली, यशवंत कुमार नाग, देवेंद्र सिंह, लक्ष्मण राठिया, विजय कोरम, शंकर यालम, नंद कुमार मारकोंडा, मीनाक्षी यालम, समस्त अधीक्षक गण, स्टाफ़ एवं ग्रामीण तथा पालकगण शामिल थे।

### 60 दिन में 2 हजार टिप्पर जलकुंभी और लोटस के कचरे हटाए गए

# निगम का न ईंधन न लेबर, कंपनियों के सीएसआर फंड से दलपत सागर हो रहा साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर का ऐतिहासिक रियासतकालिन तालाब दलपत सागर लगातार कई सालों से जलकुंभी और लोटस के कचरों से पटा हुआ हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रहे संतोष बाफना से लेकर वर्तमान महापौर संजय पाण्डेय तक के कार्यकाल में दलपत सागर को सुंदर और शानदार बनाने के कई प्रयास हुए।

वर्तमान विधायक किरण देव और कांग्रेस नेता जतीन जायसवाल के महापौर रहते समय भी कई पहल हुए। लेकिन आज भी दलपत सागर में गंदगी और कचरों का अंबार हैं। वर्तमान नगर

■ महापौर ने मोटर बोट में घुमाकर मीडिया को दिखाई वस्तुस्थिति

सरकार इसके लिए विशेष पहल कर रही हैं। आज महापौर ने दलपत सागर में मीडिया कर्मियों को आमंत्रित किया और मोटर बोट में घुमाकर वस्तुस्थिति दिखाई। उन्होंने कहा कि 60 दिन में लगभग 2 हजार टिप्पर जलकुंभी और लोटस का कचरा बाहर किया गया है। समुंद चौक से धरमपुरा तक का मार्ग प्रभावित न हो इसलिए उन्होंने शिव मंदिर के पिछले वाले क्षेत्र से सफाई अभियान शुरू किया। एक खास बात उन्होंने यह बताई कि दलपत सागर को साफ करने में नगर निगम का कोई पैसा नहीं लग रहा हैं। वाहनों के ईंधन और लेबर तक कंपनियों के सीएसआर फंड से खर्च हो रहे है। दलपत देव के समय इस तालाब का निर्माण हुआ था। पर्यटन की दृष्टि से यह स्थल नौका विहार और अन्य कार्यों को विकसित करने से आमदनी का जरिया भी बनेगा। हालांकि पिछले समय के एक कलेक्टर ने फुटपाथ और चौपाटी बनाकर सुबह से लेकर देर रात तक इस सड़ांध क्षेत्र को बेहतर बना दिया है।



ड्रोन फोटो पहले का





ड्रोन फोटो बाद का



#### प्रकाश मिलने से नीचे पड़े जलकुंभी के बीज होते हैं अंकुरित

महापौर ने कहा कि यहां बनाए गए कचरा हटाने के वाहन से काम तेजी से हो रहा हैं। जलकुंभी हटाने के बाद भी तालाब के तल पर उसके बीज रहते है। एक पौधे में 300 तक बीज होने से उन्हें सूर्य का प्रकाश मिलने से वे अंकुरित हो जाते हैं। इस पर भी सावधानी से ध्यान देना पड़ता है। बहरहाल उन्होंने कहा कि दलपत सागर का मिशन मेरे और हमारे टीम के लिए प्राथमिकता में हैं जिसे हम पूरा करेंगे।

#### 2 जगह से आ रहा गंदा पानी

महापौर ने कहा कि शहर का गंदा पानी दलपत सागर में जाने से जलकुंभी हटाने की समस्या में बाधा आती है। बंड मेन ने पिछले दिनों आकर जायजा लिया उन्होंने योजना बनाई हैं उनका कहना है गंदा पानी को पूरी तरह से दलपत सागर में जाने से रोकना होगा तभी यह स्थल शहर का गौरव बनेगा। महापौर ने कहा 5 जगह से गंदा पानी आ रहा था जिसे 3 जगह से बंद किया गया है। कुछ तकनीकी और अन्य कारणों से 2 जगह से गंदा पानी आने से दिक्कत हो रही हैं । लेकिन इसपर भी हम लोग काम कर रहे हैं।

# सुनीता को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छात्र व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष स्व. नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के पुण्य स्मृति में स्व. चन्द्राकर की सुपुत्री, छत्तीसगढ़ उड़ान के प्रांतीय अध्यक्ष एवं महिला जागृति मंच दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव निधि चन्द्राकर के विशेष सौजन्य से विमतारा इन्द्रावती कालोनी शांतिनगर रायपुर में गत 11 अक्टूबर को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में व्याख्याता श्रीमती सुनीता गोस्वामी को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेन्द्र तिवारी रहे। अध्यक्षता राजेन्द्र चन्द्राकर ने किया। इनके अलावा विशेष अतिथि के रूप में सुनिल शुक्ला व परस राम साहू शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ हुआ। सभा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने स्व. नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के जीवनी पर प्रकाश डालते कहा कि स्व. चन्द्राकर संघर्षशील एवं दबंग कर्मचारी नेता थे जो अपना सारा जीवन कर्मचारी हित के लिए संघर्ष करने में तथा छत्तीसगढ़ महतारी के सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

■ राजधानी रायपुर के विमातारा में मिला सम्मान

उक्त कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष मीना भारतद्वाज, संस्थापक संजय कुमार मैथिल सहित शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

#### राज्यपाल अवार्ड से हो चुकी है सम्मानित

लोक शिक्षण संचालनालय स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य शिक्षक सम्मान समारोह में सुनीता गोस्वामी को राज्यपाल व मुख्यमंत्री द्वारा राज भवन में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं जिले में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान बाढ़ पीड़ितों के लिए सुनीता गोस्वामी ने कलेक्टर को अपने हाथों 21 हजार का चेक प्रदान किया।

#### तीन वर्षो में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

सुनीता गोस्वामी ने अपने विद्यालय का विगत तीन वर्षो से शत-प्रतिशत परिणाम दिलवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# बेडागुड़ा में असामाजिक तत्वों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



बेडागुड़ा पंचायत के लोग इन दिनों असामाजिक तत्वों की हरकतों से परेशान है। पंचायत क्षेत्र में नलजल योजना की पाइपलाइन को तोड़फोड़ करने, आदिवासी पोस्टर और लोहे के रॉड को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

■ सरकारी संपति को पहुंचा रहे नुकसान

स्थानीय लोगों के अनुसार पंचायत के चौक-चौराहों पर कुछ युवक देर रात तक बैठकर नशे में झगड़े करते रहते हैं। बताया जा रहा है कि स्कूल के मैदान में भी ये युवक रात के समय शराब पीते हैं, जिससे विद्यालय की खिड़कियों और दरवाजों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। मैदान में शराब की बोतलें और गंदगी फैली रहती है, जिससे स्कूल वातावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इन घटनाओं की सूचना पुलिस प्रशासन को कई बार दी गई है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में पुलिस गशत में कमी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और बिगड़ सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बेडागुड़ा पंचायत में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत में शांति और सुरक्षा का माहौल वापस लौट सके।

# महिला समूह को मिला बैंक लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय बैंक लोन मेला का आयोजन सद्भावना भवन बस्तर में आयोजित किया गया। महिला स्व सहायता समूह को बैंक लिंकेज एवं इंटरप्राइजेस फाइनेंस हेतु लोन देने मेला में विभिन्न बैंक के अधिकारी कर्मचारी शामिल होकर बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान किया गया। इस मेले का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना जिससे लोग बैंक से जुड़ते हुए इसका लाभ ले सके साथ ही साथ गरीबी उन्मूलन हेतु महिला स्व. सहायता समूह एवं उनके सदस्यों को बैंक द्वारा ऋण प्रदान कर आजीविका गतिविधि से जुड़ते हुए आर्थिक स्थिति को मजबूत करना एवं इंटरप्राइजेज फाइनेंस के द्वारा लखपति दीदी बनाना है।

### 13 मृतक के परिजनों को 52 लाख की सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 52 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु, नदी-नाले के पानी में डुबने से मृत्यु, गाज गिरने के मृत्यु सहित कुल 13 प्रकरणों में प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए कुल 52 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।


## विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



**विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:**

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे कि: सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ). विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025- 26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबंद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है ।इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी-डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन , जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
84353 86927, 98271 28346
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur


## शपथ पत्र

मैं बुधसन राम बघेल पिता लखमू राम बघेल, उम्र 43 वर्ष निवासी वार्ड 3 स्कूल पारा नदीसागर, बड़ेचकवा, तहसील बस्तर जिला बस्तर छ.ग. 494223 शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम Budhsan Baghel S/o. Lakhmu Ram Baghel R/o. H.No. 42 Jari Guda vill. Nadisagar Teh. Bastar Dist. Bastar (C.G.) 4494223 अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG17 20140001404 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम Budhsan Ram Baghel S/o. Lakhmu Ram Baghel, R/o. Ward 3 School Para, Nadisagar, Badechakwa, Tehsil Bastar Dist. Bastar (C.G.) 494223 अंकित है जिसका आधार नंबर 5489 7995 8973 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम Budhsan Baghel S/o. Lakhmu Ram Baghel R/o. H.No. 42 Jari Guda vill. Nadisagar Teh. Bastar Dist. Bastar (C.G.) 4494223 के स्थान पर Budhsan Ram Baghel S/o. Lakhmu Ram Budhsan Baghel, R/o. Ward 3 School Para, Nadisagar, Badechakwa, Tehsil Bastar Dist. Bastar (C.G.) 494223 दर्ज करवाना चाहता हूँ । जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

## न्यायालय तहसीलदार भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक / क / तह. / जन्म-मृत्यु / 2025
भानपुरी दिनांक, 14/10 /2025

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका चम्पा यादव पिता/पति स्व.गोविन्द यादव जाति राऊत निवास ग्राम भानपुरी तहसील भानपुरी के द्वारा अपने स्वयं चम्पा यादव पिता स्व.गोविन्द यादव की जन्म/मृत्यु दिनांक 15/07/1970 को होना बताते हुए जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 29/10/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
भानपुरी

## न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक 14/10/2025

**-उद्घोषणा-**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विशुलाल पिता स्व.आन्दो जाति माड़िया निवासी ग्राम छापरभानपुरी तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पुत्र/पुत्री/ दादा/दादी/ नाना/नानी/ माता/पिता/ पति/पत्नी/ भाई/बहन ईसराम/कोसा मृत्यु तिथि 15/6/2017 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत छापरभानपुरी के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 28/10/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 28/10/2025

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल

### 150 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के विकास के लिए सर्वे शुरू



**सुकमा।** जिला प्रशासन सुकमा एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक बाल देखभाल एवं विकास ईसीसीडी कार्यक्रम को सशक्त बनाने के लिए एक नई पहल की गई है। इसके तहत जिले के 150 आंगनबाड़ी केंद्रों में मोबाइल क्रेशस, दिल्ली की टीम द्वारा नीड असेसमेंट सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं का मूल्यांकन कर कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाना है। यह सर्वेक्षण नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों में आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने और उनके उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### रेत खदानों के ई-नीलामी प्रशिक्षण का आयोजन

**बीजापुर।** गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन अब ई-नीलामी रिवर्स ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से एमएसटीसी पोर्टल पर किया जाएगा। इस प्रक्रिया में निविदा जारी करना, बोलीकर्ताओं का पंजीकरण, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया और अधिमानी बोलीदार का चयन जैसे समस्त कार्य पोर्टल के माध्यम से ही संपन्न होंगे। जिलाधिकारी एवं इच्छुक बोलीकर्ताओं, आवेदकों के लिए इस पोर्टल से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण संभाग स्तर पर आयोजित किया गया है।


HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



### सशक्त नारी, सशक्त समाज पर विधिक साक्षरता शिविर

# कानूनी प्रावधानों का लाभ उठाकर अपने अधिकारों की रक्षा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के शासकीय महिला दंतेश्वरी कॉलेज में मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोंविद नारायण जांगड़े के निर्देशनुसार एवं प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप के मार्गदर्शन में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को महिलाओं के अधिकार, आर्थिक स्वावलंबन, शिक्षा के महत्व, मानसिक स्वास्थ्य तथा आत्म-जागरूकता की आवश्यकता के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता द्वारा छात्रों को बताया गया कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना क्यों आवश्यक है और वे किस प्रकार विभिन्न कानूनी प्रावधानों का लाभ उठाकर अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं।

शिविर में विशेष रूप से महिला संरक्षण से संबंधित प्रमुख कानूनों जैसे घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कॉलेज परिसर में आयोजित साक्षरता शिविर में छात्रों को मेंटल हेल्थकेयर अधिनियम 2017 की मुख्य बातें सरल भाषा में बताई गई। शिविर में यह संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही आवश्यक है जितना शारीरिक स्वास्थ्य और हमें अपने साथियों की भावनात्मक सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। कॉलेज के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के इस पहल की सराहना की।

### संवेदनशीलता बढ़ाने हुआ शिविर

प्राधिकरण के सचिव एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कु. अंकिता कश्यप ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समझ और संवेदनशीलता बढ़ाना था। कार्यक्रम में छात्रों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील समाज निर्माण का संकल्प लिया, इसके साथ हीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विधिक साक्षरता बढ़ाना, समानता एवं आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें एक सजग नागरिक के रूप में समाज में योगदान के लिए प्रेरित करना था।

## पसरा लघु बाजार हाता ग्राउंड में लगेगा

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे एवं मेयर इन काउंसिल के सदस्यों की सहमति से बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स की मांग पर हाता ग्राउंड के संरक्षण एवं बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर निर्णय लिया गया।



राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा कि हाता ग्राउंड खेल मैदान है। इसे किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शहर आते हैं और अपने स्वनिर्मित उत्पाद बेचते हैं। ऐसे में उनका सम्मान करना और उन्हें उचित स्थान उपलब्ध कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है। साथ ही शहर को भी व्यवस्थित रखना सभी का दायित्व है। पार्किंग की व्यवस्था ग्राउंड के बाहर रहेगी, किसी भी वाहन को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ग्रामीण जनों के बैठने एवं बिक्री के लिए व्यवस्था की जाएगी। हाता ग्राउंड में पानी टैंकर, मोबाइल टॉयलेट एवं विद्युत व्यवस्था किया गया है।











